सं. जैड.28016/13/08-एसएसएच

भारत सरकार

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(पीएमएसएसवाई प्रभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली-110108

**विज्ञापन संख्या - 05/2015 दिनांक 28 जुलाई, 2015**

<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), **भोपाल, जोधपुर और ऋषिकेश** में (प्रत्येक में एक-एक) प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा वेतन बैंड - 4 : 37400-67000 + ग्रेड वेतन रु. 8700/- में **वित्तीय सलाहकार** के पद को भरने हेतु विज्ञापन</u>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के रूप में भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर और ऋषिकेश में एम्स की स्थापना की गई है। भोपाल, जोधपुर और ऋषिकेश स्थित प्रत्येक एम्स में प्रतिनियुक्ति के आधार पर वित्तीय सलाहकार के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशित होने की तिथि के 45 दिनों के भीतर होगी।**

II. विस्तृत विज्ञापन और आवेदन प्रपत्र स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट <u>www.mohfw.nic.in</u> और <u>http://pmssy-mohfw.nic.in/</u> पर अपलोड कर दिया गया है। आवेदन प्रपत्र वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। सभी संगत प्रमाण-पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति के साथ उचित रूप से भरे गए आवेदन को लिफाफे के ऊपर "एम्स, भोपाल/जोधपुर/ऋषिकेश में वित्तीय सलाहकार के पद हेतु आवेदन" लिखकर **संयुक्त सचिव, (पीएमएसएसवाई), कमरा नं. 112-डी विंग, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110108** को प्रेषित किया जाए।

III. केंद्र सरकार के उसी संगठन/विभाग में अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित दूसरे संवर्ग - बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित **प्रतिनियुक्ति की अवधि** सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। किन्तु प्रशासनिक आकस्मिक परिस्थितियों में प्रतिनियुक्ति की अवधि को तीन वर्ष से अधिकतम पाँच वर्ष तक बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है।

IV. **ऊपरी आयु सीमा:** प्रतिनियुक्ति पर आने वाले उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

V. **पात्रता:- (i)** संगठित लेखा सेवा के समूह 'क' अधिकारी जो केंद्र सरकार के मंत्रालयों / विभागों में निदेशक के रूप में नियुक्ति हेतु पैनलबद्ध हैं <u>अथवा</u> (ii) समूह 'क' केंद्रीय सेवा के अधिकारी जो केंद्र सरकार में निदेशक के रूप में नियुक्ति हेतु पैनलबद्ध हैं तथा जो वित्त एवं लेखा के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव रखते हैं <u>अथवा</u> (iii) राज्य सरकार की वित्त सेवा में 8700/- रुपए और उससे

अधिक के ग्रेड वेतन में सेवारत अधिकारी इस पद के लिए पात्र हैं। उपर्युक्त (i), (ii) और (iii) के न मिलने पर, संगठित लेखा सेवा में नियमित आधार पर वेतन बैंड 15600-39100 रुपए + ग्रेड वेतन रु. 7600/- में उप सचिव या समकक्ष का पद धारण करने वाले अधिकारी अथवा वित्त एवं लेखा के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव और रु. 7600/- ग्रेड वेतन में उप सचिव स्तर पर 5 वर्षों की नियमित सेवा पूरी करने वाले अन्य अधिकारियों पर विचार किया जा सकता है।

VI. वित्तीय सलाहकार पद का वेतन बैंड - 4 : 37400-67000 + ग्रेड वेतन रु. 8700/- में है।

VII. इस पद पर वे सामान्य भत्ते, जो समान स्तर के केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए स्वीकार्य होते हैं, और एम्स, नई दिल्ली में स्वीकृत अन्य भत्ते प्राप्त होंगे।

VIII. निर्धारित अर्हता/पात्रता न्यूनतम अपेक्षा है और केवल उन अर्हताओं के रखने से उम्मीदवार स्वत: चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। जीवन-वृत्त के आधार पर चयन समिति उम्मीदवारों की एक लघु सूची तैयार करेगी जिन्हें साक्षात्कार हेतु बुलाया जा सकता है। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय आवेदन में दिए गए ब्यौरे के प्रमाण में सभी संगत मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

IX. केंद्र/राज्य सरकार में कार्यरत आवेदकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपने संबंधित संगठनों से "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" के साथ उचित माध्यम से आवेदन पत्र भेजें। आवेदन अग्रेषित करते समय अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज प्रेषित करना अपेक्षित है। संवर्ग नियंत्रक संगठन से अनापत्ति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होगी।

- आवेदक के पूर्ण एसीआर डॉजियर/एसीआर की अभिप्रमाणित प्रतियां (गत 5 वर्षों का)।
- प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अधिकारी की सत्यनिष्ठा का प्रमाण-पत्र।
- आवेदक के संबंध में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र।
- गत 10 वर्षों/सेवा अवधि, जो भी कम हो, के दौरान अधिकारी पर लगाई गई किसी बड़ी/छोटी शास्ति का प्रमाण-पत्र।

X. इस पद पर चयन हेतु साक्षात्कार आयोजित हो सकता है। यह नई दिल्ली में आयोजित होगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**(विनोद कुमार)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

## <u>आवेदन प्रपत्र</u>

एम्स भोपाल, जोधपुर और ऋषिकेश में वित्तीय सलाहकार के पद हेतु आवेदन

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :
2. पिता का नाम :
3. जन्म तिथि एवं आयु :
4. स्थायी पता(ई-मेल आईडी, फैक्स एवं मोबाइल) :
5. क्या भारतीय नागरिक हैं :

6. शैक्षिक योग्यता :

| स्नातक | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम जहां से स्नातक किया है |
|---|---|---|
| | | |
| स्नातकोत्तर | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कॉलेज/विश्वविद्यालय का नाम जहां से स्नातक किया है |
| | | |

अन्य योग्यताएं :

7. तिथि क्रम में रोजगार का ब्यौरा। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर सहित यथा-प्रमाणित पृथक शीट संलग्न करें।

| क्रम सं. | कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान | कार्य की प्रकृति (विस्तृत) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | | | |
| 2. | | | | | | |
| 3 | | | | | | |

8. वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ, अस्थायी या अर्द्ध-स्थायी:

9. यदि वर्तमान धारित पदप्रतिनियुक्ति / संविदा आधार पर है, तो कृपया बताएं:

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर नियुक्ति की अवधि

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं:

10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्यौरा। कृपया बताएं कि क्या आप निम्नलिखित के तहत कार्यरत हैं: (अपने नियोक्ता का नाम उपयुक्त कॉलम में इंगित करें।)

(क) केंद्र सरकार :

(ख) राज्य सरकार :

(ग) अन्य (राज्य का ब्यौरा) :

11. प्रतिमाह प्राप्त कुल परिलब्धियां, ब्यौरे सहित।

12. अन्य सूचना, यदि कोई हो, जो आप पद के लिए अपनी योग्यता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं। (अन्य तथ्यों के अलावा (i) अतिरिक्त शैक्षिक योग्यता (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित अतिरिक्त कार्य का अनुभव। यदि स्थान अपर्याप्त हो तो पृथक शीट संलग्न करें)।

13. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग के हैं? यदि हां, तो वर्ग बताएं।

14. विगत 10 वर्षों के दौरान लगाई गई शास्ति, यदि कोई है, से संबंधित स्थिति।

15. निम्नलिखित संस्थाओं में से अपनी प्राथमिकता के क्रम को निर्दिष्ट करें:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| भोपाल | | ऋषिकेश | |
| जोधपुर | | | |

## घोषणा-पत्र

मैं सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दिया गया सभी विवरण सत्य, पूर्ण और मेरी जानकारी के अनुसार सही है। मैं समझता/सहमत हूं कि किसी भी सूचना को गलत या अनुचित/अधूरा पाए जाने की स्थिति में या चयन/साक्षात्कार के पहले या बाद में किसी भी समय अयोग्यता सिद्ध होने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और मैं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्णय से बाध्य रहूंगा।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

नाम:

स्थानः

तिथिः